Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- ११ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जून २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## 68 दिनों के बंदी के बाद तीन चरणों में अनलॉक होगा देश

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोरोना महामारी के कारण केंद्र सरकार ने देशभर में पिछले दो महीने से भी अधिक समय से लागू लॉकडाउन को अब कंटेनमेंट जोन तक सीमित कर इसकी अवधि ३० जून तक बढ़ा दी है। वहीं अब ८ जून से चरणबद्ध तरीके से अन्य क्षेत्रों में कई रियायतें लागू होंगी किन्तु कंटेनमेंट जोन को छोड़कर। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनलॉक-१ के विस्तृत दिशा-निर्देश के तहत कंटेनमेंट जोन में पाबंदियां पहले की तरह ही ३० जून तक लागू रहेंगी। कंटेनमेंट जोन कहां होगा, अब इसका फैसला जिलाधिकारी को करना होगा। वहीं अब लॉकडाउन खत्म करने का काम देश में तीन चरणों में पूरा होगा। बता दें कि ८ जून से शुरू होने वाले पहले चरण को अनलॉक-१ का नाम दिया गया है। अनलॉक-२ जुलाई से शुरू होगा, हालांकि इसकी तारीख राज्यों से पहले चरण के फीडबैक के आधार पर तय की जाएगी। जबकि तीसरे चरण की तिथि अभी तय नहीं हुई है। वहीं, देशभर में रात का कर्फ्यू अब रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक रहेगा। इस दौरान सिर्फ आवश्यक गतिविधियों की ही मंजूरी होगी। पहले चरण यानि ८ जून से नॉन कंटेनमेंट जोन में सभी धार्मिक स्थानों को खोल दिया जाएगा। शर्तों के साथ शॉपिंग मॉल, रेस्तरां, सैलून, होटल सेवाएं शुरू करने की अनुमति भी दी जाएगी। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधित मंत्रालयों के साथ उचित परामर्श के बाद इस तरह की गतिविधियों के लिए एसओपी जारी करेगा। वहीं दूसरे चरण में स्कूल, कॉलेज, शैक्षिक संस्थान खोल दिए जाएंगे। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय इसके लिए भी एक एसओपी तैयार करेगा। जबकि तीसरे चरण में स्थितियों का आंकलन करके अंतरराष्ट्रीय उड़ानें, सार्वजनिक परिवहन, सिनेमाघर, जिम, और मेट्रो रेल शुरू करने पर विचार किया जाएगा। दो गज की दूरी और मास्क अनिवार्य रहेगा।

## श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में ८५ लाख मुफ्त भोजन और १.२५ करोड़ पानी की बोतलों का वितरण

प.सू.का/नई दिल्ली। जहां एक ओर देश कोविड-१६ महामारी से जूझ रहा है, वहीं भारतीय रेलवे इस महत्वपूर्ण समय में प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी श्रमिकों, तीर्थ-यात्रियों, विद्यार्थियों और अन्य व्यक्तियों की विशेष रेलगाड़ियों से आवाजाही के संबंध में गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भारतीय रेलवे १ मई २०२० से ही श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रही है।



श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में यात्रा करने वाले लगभग ५० लाख प्रवासियों को ८५ लाख से भी अधिक मुफ्त भोजन और लगभग १.२५ करोड़ मुफ्त पानी की बोतलें वितरित की हैं।

इसमें भारतीय रेलवे के पीएसयू आईआरसीटीसी द्वारा तैयार किए जा रहे और जोनल रेलवे द्वारा वितरित किए जा रहे भोजन शामिल हैं। सभी श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में यात्रा कर रहे प्रवासियों को भोजन और पानी की बोतलें उपलब्ध कराई जा रही हैं। आईआरसीटीसी यात्रा कर रहे प्रवासियों को रेल नीर पानी की बोतलों के साथ भोजन उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा देश भर में २८ मई २०२० तक विभिन्न राज्यों से ३७३६ श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। जिससे लगभग ५० लाख प्रवासियों को श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से उनके गृह राज्यों में ले जाया गया है।

वहीं श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के अलावा, रेलवे नई दिल्ली से जुड़ने वाली १५ जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चला रही है। रेलवे ने समय सारणी के अनुसार १ जून से २०० और ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है।

## रेलवे की अपील बीमार हों तो ना करें सफर

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रवासियों की अपने घरों तक पहुंचाने के लिए रेलवे देश भर में प्रतिदिन कई श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। वहीं यात्रा के दौरान पूर्व ग्रसित बीमारियों से लोगों की मृत्यु होने के कुछ दुर्भाग्यपूर्ण मामले भी मिले हैं। जिसको देखते हुए रेलमंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार दिनांक २६.०५.२०२० को रेलवे की ओर से ट्विटर पर अपील जारी करते हुए लिखा कि, पूर्व ग्रसित बीमारी जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कर्करोग, कम प्रतिरक्षा वाले व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं, १० वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं ६५ वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए, जब तक अत्यंत आवश्यक ना हो रेल यात्रा करने से बचें। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी देशवासियों का सहयोग अपेक्षित है। भारतीय रेल आपकी सेवा में हमेशा की तरह तत्पर हैं।

## अंतिम प्रवासी को पहुंचाया जाएगा घर तक -वी.के.यादव

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते लाखों प्रवासी मजदूर लॉकडाउन की वजह से विभिन्न जगहों पर फंस गए थे। जिसके लिए आगे आते हुए रेलवे ने श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया था। इस दौरान कुछ ट्रेनों के लेट होने और ट्रेन के लंबे रास्ते से जाने के भी मामले उठे थे। इनके बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार दिनांक २६.०५.२०२० को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा कि यह खबरें बेबुनियाद हैं। उन्होने कहा कि कोई भी ट्रेन कभी रास्ता नहीं भटक सकती यह पूरी तरह गलत है, इससे दिनरात काम में जुटे रेल कर्मियों का मनोबल टूटता है। उन्होंने बताया कि कई कारणों की वजह से ट्रेनों के रूट को डायवर्ट किया गया था। ट्रेन के लेट होने पर भी उन्होंने बताया कि ७२ घंटे से ज्यादा सिर्फ चार ट्रेनों ने समय लिया और ७२ घंटे से कम समय में ३८४० ट्रेनें अपने गंतव्य तक पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि ६० फीसदी ट्रेन समय से पहुंची हैं। विनोद कुमार यादव ने कहा कि आखिरी श्रमिक अपने घर नहीं पहुंच जाता तब तक श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।



### प्रयागराज जं. और छिवकी से गुजरेंगी २२ जोड़ी ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। एक जून से सौ जोड़ी ट्रेनों को चलाने का एलान रेलमंत्री द्वारा पिछले दिनों ही किया गया था। इसमें प्रयागराज एक्सप्रेस भी शामिल है। जिसके बाद प्रत्येक घंटे स्टेशन को सैनिटाइज किया जा रहा है। वहीं स्टेशनों पर सैनिटाइजर डिस्पेंसर एवं पद चालित वाटर बूथ की व्यवस्था गई है। जंक्शन पर यात्रियों का प्रवेश सिटी साइड गेट नंबर चार से और निकासी सिविल लाइंस साइड से दी जाएगी ।

## रेहड़ी विक्रेताओं को किफायती ऋण प्रदान करने के लिए "पीएम स्वनिधि" लॉन्च



प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्र सरकार की अपने दूसरे वर्ष के कार्यकाल में प्रवेश करने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । दिनांक ०१.०६.२०२० सोमवार को बैठक में ऐतिहासिक फैसले लिए गए जिनसे भारत के मेहनती किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) क्षेत्र और रेहड़ी विक्रेताओं के रूप में काम करने वाले लोगों के जीवन पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत अन्य घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रोड मैप भी तैयार किया है। वहीं आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने रेहड़ी विक्रेताओं को सस्ते ब्याज पर ऋण प्रदान करने के लिए एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा योजना -पीएम स्व-निधि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि शुरू की। यह योजना उन्हें फिर से काम शुरू करने और अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगी। विभिन्न क्षेत्रों संदर्भो में वेंडर, हॉकर, ठेले वाले, रेहड़ी वाले, ठेली फलवाले आदि सहित ५० लाख से अधिक लोगों को इस योजना से लाभ मिलने की संभावना है।

## ईपीएफओ पेंशनभोगियों को मिलेगी बढ़ी हुई पेंशन

प.सू.का/नई दिल्ली। ईपीएफओ द्वारा पेंशन के परिवर्तित मूल्य की बहाली के लिए, पेंशन की मद में ८६८ करोड़ रुपये और साथ में १०५ करोड़ रुपये बकाया जारी किए गए हैं। केंद्रीय न्यासी बोर्ड (ईपीएफओ) की सिफारिश के आधार पर,सरकार ने श्रमिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांगों में से एक को स्वीकार कर लिया है, जिससे उन्हें १५ वर्ष के बाद पेंशन के परिवर्तित मूल्य को बहाल करने की अनुमति प्रदान की जा सके। इससे पहले, परिवर्तित पेंशन को बहाल करने का कोई प्रावधान नहीं था और पेंशनभोगियों को आजीवन कम पेंशन मिल रही थी। ईपीएस-९५ के अंतर्गत, पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह एक ऐतिहासिक कदम है। ईपीएफओ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कोविड-१९ लॉकडाउन की अवधि के दौरान, सभी बाधाओं को पार किया और मई, २०२० के लिए पेंशन भुगतान की राशि में परिवर्तन करवाया, जिससे पेंशनभोगियों के बैंक खाते में समय पर उनके पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

## भारत में हुई कोरोना से मरने वालों की संख्या ५३६४

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। भारत में में कोविड-१९ के ८,३६२ नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर १,६०,५३५ हो गए हैं। वहीं, वायरस से मरने वालों की संख्या ५,३६४ हो गई। वहीं कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में भारत सातवें नंबर पर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार देश में अभी ६३,३२२ लोगों का इलाज जारी है जबकि ६१,८९८ ठीक हो चुके हैं स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अभी तक ४८.१६ प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।

## रेलवे आइसोलेशन कोच में होगा कोरोना पीड़ितों का इलाज

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। अस्पतालों में बेड की कमी से जूझ रही दिल्ली सरकार कोरोना संक्रमितों के लिए रेलवे से मदद मांगी थी। वहीं अब पहला आइसोलेशन कोच दिल्ली में कोरोना वायरस रोगियों के इलाज के लिए रेलवे ने तैनात किया है। रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार दिल्ली सरकार को १० कोचों वाली स्पेशल ट्रेन दी गई हैं। वहीं इस ट्रेन में करीब १६० कोरोना पॉजिटिव मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की गई है और मरीजों के इलाज व क्वारंटीन से संबंधित सभी इंतजाम किए गए हैं। दूसरी ओर रेलवे ने ५,२३१ डिब्बों को आइसोलेशन के लिए तैयार किया है।

## कोरोना संकट काल को हमे अवसर में बदलना है- केशव प्रसाद मौर्य



सूचना विभाग प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कोरोना संकटकाल को हमे अवसर के रूप में बदलना है। उन्होने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर लोगों को समय और परिस्थिति के अनुसार अपनी जीवन शैली बदलने की आवश्यकता है। उन्होने दिनांक २२.०५.२०२० को प्रयागराज के विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ अपने लखनऊ आवास से वेबिनार के जरिए संवाद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हमें जन से लेकर जग की नीति पर चलना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियां भी चालू की जा रही हैं। विदेशी कंपनियों को भी उत्तर प्रदेश में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा की खाद्यान्न के गोदामों पर नोडल अधिकारी जरूर मौजूद रहें। और ट्रेनों से उतरने वाले लोगों की थर्मल स्कैनिंग कराने में जनप्रतिनिधि सहयोग प्रदान करें।

## ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने में इग्नू की भूमिका अहम- रमेश पोखरियाल 'निशंक'



प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने दिनांक २०.०५.२०२० को फेसबुक लाइव सेशन के माध्यम से इग्नू के ऑनलाइन एम ए (हिंदी) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि इससे हमारी 'पढ़े इंडिया ऑनलाइन' पहल को मजबूती मिलेगी। उन्होंने ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने में इग्नू की भूमिका की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी भाषा केवल भारत में ही नहीं, बल्कि मॉरिशस, फिजी, सूरीनाम आदि जैसे अन्य देशों में भी भूमिका निभाती है। इग्नू के कुलपति प्रो. नागेश्वर रावने इग्नू द्वारा शुरू किए गए अन्य ऑनलाइन कार्यक्रमों की जानकारी दी और उच्च शिक्षा के लिए ऑनलाइन क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा की गई अन्य पहलों के बारे में भी मानव संसाधन विकास मंत्री को जानकारी दी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने गांधी एवं शांति अध्ययन में एमए, पर्यटन अध्ययन में बीए, अरबी में सर्टिफिकेट कोर्स, सूचना प्रौद्योगिकी में सर्टिफिकेट कोर्स, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी शुरू किया है।

## संगम में शुरू हुआ स्नान-दान

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अपने किनारे पर महाकुंभ मेला बसाने वाला संगम पिछले दो माह तक बिल्कुल अकेला पड़ गया था, लेकिन चौथे चरण के लॉकडाउन में मिली छूट के बाद अब यह धीरे-धीरे फिर से गुलजार होने लगा है।

अब लोग धीरे-धीरे यहां आने लगे हैं। श्रद्धालुओं को संगम के बीचा बीच पहुंचाने के लिए कुछ नावें भी चलनी शुरू हो गई हैं और चूड़ी, बिंदी,प्रसाद आदि की दुकानें फिर सजने लग गई हैं। पंडों ने भी घाट के किनारे अपना आसन जमा लिया है। जबकि बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर के कपाट अभी श्रद्धालुओं के लिए नहीं खोला गया है। लोग दूर से ही लेटे हनुमान जी का आशीर्वाद ले रहे हैं। बता दें कि २२ मार्च जनता कर्फ्यू के बाद से ही संगम वीरान हो गया था। अब लाकडाउन के चौथे चरण में मिली छूट के बाद इसकी रौनक बढ़ी है।

## कोरोना से जंग जीतकर दस लोग पहुंचे घर

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। कोरोना से जंग जीतकर दस लोग रविवार दिनांक २०.०५.२०२० को अस्पताल से डिस्चार्ज होकर अपने घर पहुंचे। मरीजों में तीन कौशांबी और सात प्रयागराज जिले के रहने वाले बताए गए हैं। नोडल अफसर डॉ. वीके मिश्रा के अनुसार लगातार तीन रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद डिस्चार्ज किया गया है।

सम्पादकीय

# फिर पटरी पर दौड़ती रेल

लाकडाउन पार्ट-०४ चल रहा है वहीं करीब पचास दिनों तक स्थगित रहने के बाद रेल के पहिये फिर चलने लगे हैं कुछ गिने-चुने मार्ग पर सामान्य ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू हो गई है। वहीं इस फैसले से जहां एक ओर स्वागत हो रहा है वहीं इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं भी जन्म ले रही हैं। लोगों के जहन में यह सवाल जन्म ले रहा है कि लॉकडाउन जारी है तो फिर अचानक रेल सेवा को खोलने की जरूरत ही ही क्या थी। सभी यात्रियों की पुख्ता जांच करने, किसी तरह की लापरवाही रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रेलवे के पास क्या मौजूद है। कई शहरों में मजदूरों के अलावा कई और लोग भी फंसे रह गए। जिसमें विद्यार्थियों की भी बड़ी संख्या है। इसके अलावा ऐसे कई बुजुर्ग भी हैं जिनके बच्चे शहरों में रहते हों और वे अपने बच्चों के पास आना चाहते हों। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने रिश्तेदारों के यहां किसी कारण से आए और उन्हें वहीं रुकना पड़ गया। लॉकडाउन बढ़ने से उनकी सब की परेशानियां बढ़ रही थीं। ऐसे ही तबकों को ध्यान में रखकर गाड़ियां चलाई जा रही हैं। इस दौरान कई तरह के एहतियात भी बरते जा रहे हैं। जैसे ट्रेनों में सवार होने वालों के लिए मास्क पहनना जरूरी होगा। रेलवे पहले की तरह चादर, तौलिया, सामान्य भोजन, पेय आदि नहीं मुहैया कराएगी। रेलवे को इस ओर लगातार सख्ती भी बरतने की जरूरत होगी। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी संक्रमित व्यक्ति गाड़ी में न चढ़े और रेल यात्रियो को भी इसके लिए सचेत रहना होगा। यहां पर इसे समझने की जरूरत है कि ट्रेनों के चलने का उद्देश्य सिर्फ एक परिवहन सेवा का लौटना ही नहीं है। इससे लाखों लोगों की जीविका भी जुड़ी है और इसके साथ ही साथ यात्री कोरोना संकट के साथ यात्रा करने के तौर-तरीके भी सीखेंगे।

# उत्तर रेलवे ने तैयार किए ३० हजार पीपीई किट

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोविड-१६ महामारी के खिलाफ लड़ने के लिए उत्तर रेलवे के कारखाने दिन-रात जुटे हुए हैं। और इस महामारी से लड़ने के लिए अग्रिम तौर पर आगे आकर पीपीई किट का उत्पादन कर महामारी से लड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उत्तर रेलवे के कारखानों द्वारा अब तक कुल ४४ हजार पीपीई किट बनाई जा चुकी हैं इसके अलावा उत्तर रेल के कारखानों ने एक दिन में रिकॉर्ड ३ हजार पीपीई किट बनाकर माह मई, २०२० तक ५० हजार पीपीई किट बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने कदम आगे बढ़ा दिये हैं।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> महात्मा गांधी

# गंगा-यमुना की जलधारा की गुणवत्ता में हुआ सुधार

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। वर्षों बाद गंगा-यमुना का जल लॉकडाउन की अवधि में निर्मल हो गया है। वह भी ऐसे समय जब सरकारी-गैर सरकारी स्तर पर गंगा के निर्मलीकरण के अभियान भी पूरी तरह ठप हैं। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड ने गंगा-यमुना की जलधारा की गुणवत्ता में हुए व्यापक सुधार की रिपोर्ट जारी की है। कहा जा रहा है कि संगम पर ऐसा स्वच्छ और निर्मल जल वर्षों बाद देखने को मिल रहा रहा है। इसकी वजह है कि कोरोना के संक्रमण काल में औद्योगिक और गैर घरेलू गतिविधियों पर लगाई पूर्णतया रोक से सकारात्मक असर पड़ा है।


क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से परीक्षण कराने पर पता चला है कि जल की गुणवत्ता दशकों बाद निर्मलता के रूप में प्राप्त हुई है।

# ऑनलाइन पढ़ाई के लिए आंखों को भी रखना होगा फिट

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करने की वजह से बड़ों की तरह बच्चों पर भी आंखों पर जोर पड़ने लगा है। इसलिए शरीर के साथ आंखों को भी फिट रखने की आवश्यकता है। और यह सब संभव है योग से। वहीं हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के योग विशेषज्ञ डॉ. भाष्कर शुक्ल कहते हैं कि योग से आंखों पर लगने वाले मोटे चश्मे से भी छुटकारा पाया जा सकता है। डॉ. शुक्ल ने बताया है कि आंखों का व्यायाम दिन में करीब एक बार करना चाहिए।

इसके साथ ही आंखों को दिन में तीन-चार बार ठंडे पानी से धोना चाहिए। विटामिन ए की कमी के कारण भी आंखें प्रायः कमजोर हो जाती हैं। इसलिए विटामिन ए की अधिकता वाले खाद्य पदार्थ जैसे पालक,गाजर, गाय का दूध, आम, पपीता, आदि का सेवन पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए।

# नई दिल्ली-जम्मूतवी का पठानकोट छावनी पर ठहराव




रे.स.ब्यो./संवा.नईÃदिल्ली। रेल यात्रियों के सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन ने नई दिल्ली-जम्मूतवी-नई दिल्ली स्पेशल रेलगाड़ी को दिनांक ०१.०६.२०२० से ३०.०६.२०२० तक पठानकोट छावनी स्टेशन पर ठहराव दिया गया है।

ट्रेन संख्या ०२४२५ नई दिल्ली-जम्मूतवी स्पेशल रेलगाड़ी पठानकोट छावनी स्टेशन पर तड़के ०३.३८ बजे जबकि इसकी वापसी सेवा ०२४२६ जम्मूतवी-नई दिल्ली स्पेशल रेलगाड़ी रात्रि ०६.३२ बजे दो मिनट के लिए ठहरेगी। दोनों दिशाओं में यह ठहराव दो-दो मिनट का होगा।

# जाने-माने ज्योतिषी बेजान दारूवाला का निधन

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोविड-१६ संक्रमण की वजह से जाने-माने एस्ट्रोलॉजर बेजान दारूवाला का शुक्रवार दिनांक २६ मई को अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। बेजान दारूवाला (६० वर्ष) बीते २२ मई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें पहले से भी फेफड़े की तकलीफ थी। उनके बेटे नस्तूर दारूवाला ने उनके निधन की पुष्टि की। अपोलो अस्पताल ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उपचार के दौरान दारूवाला का निधन हो गया। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर आई खबरों का खंडन करते हुए उनके पुत्र नस्तूर दारूवाला ने कहा कि उनके पिता की कोरोना वायरस से मृत्यु नहीं हुई है बल्कि वह सिर्फ निमोनिया से ग्रस्त थे।



# बसों के अंदर भी सैनिटाइज होंगे यात्री

रे.स.ब्यू./सूत्रवाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने जून में बसों को चलाने की संभावना के पहले रोडवेज कार्यशाला और बस स्टेशन के लिए स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल जारी कर दिया है। इसके बाद अब बसों के अंदर पैर संचालित सैनिटाइजर मशीन लगाई जाएगी जिससे यात्री बस के अंदर सैनिटाइज होकर ही बैठेंगे।

वहीं अब एक बार में ३० यात्री ही सफर कर सकेंगे और उनके लिए मास्क व गमछा अनिवार्य होगा। सूत्रों के अनुसार रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके राय ने बताया कि यात्रा कर रहे यात्रियों का रिकॉर्ड रखा जाएगा और इसे प्रत्येक माह मुख्यालय भेजना होगा। वहीं काम करने वाले कर्मचारियों के लिए थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क, ग्लब्स और जंप सूट पहनकर ही कार्य करेंगे। बस चलाने को लेकर जैसा आदेश मिलेगा, उस पर अमल किया जाएगा।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने बढ़ाई बीएड आवेदन की तिथि

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा २०२० के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि एक बार फिर १५ जून तक उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने आगे बढ़ा दी है। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने लॉकडाउन ३१ मई तक लागू होने के कारण यह फैसला लिया है। प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण एवं शुल्क चालान प्राप्ति/ऑनलाइन ट्रांसफर की अंतिम तिथि १२ जून और ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि १५ जून कर दी गई है। इसके साथ ही आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में भेजने की तिथि भी बढ़ाकर २० जून कर दी गई है। वहीं परीक्षा संबंधी अन्य तिथियां लॉकडाउन के बाद घोषित की जाएंगी।

# सेवा में जुटे उत्तर रेलवे सिविल डिफेंस के सदस्य

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। कोविड-१६ वायरस के प्रसार के कारण होने वाली वैश्विक महामारी के समय में रेलवे लॉकडाउन के दौरान लोगो के कठिनाईयों को आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। वहीं फंसे हुए लोगों को उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में इस कठिन समय में उत्तर रेलवे के कर्मचारी अपने सेवा कर्तव्यों से आगे बढ़कर कार्य कर रहे हैं। ये कर्मचारी श्रमिक और राजधानी टाईप यात्री स्पेशल रेलवे के आधारभूत ढाँचे के निर्माण और अनुरक्षण तथा असहाय लोगों की मदद करने के लिए भी कार्य कर रहे हैं। इसके अंतर्गत उत्तर रेलवे सिविल डिफेंस के स्वयं सेवक श्रमिक रेलगाडियों से जाने वाले यात्रियों को विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध करवा रहे हैं और जरूरतमंद यात्रियों को फेस-मास्क उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेल डिब्बों को सेनेटाइज करने में भी सहायता देते हैं।

# सामाजिक दूरी के साथ प्रयागराज मण्डल मे कार्यरत चीफ कंट्रोलर हुए सेवानिवृत



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज मंडल के परिचालन विभाग में कार्यरत चीफ कंट्रोलर/पंचुएलिटी आर आर श्रीवास्तव को परिचालन विभाग के कर्मचारियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए भावभीनी बिदाई दी गई। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मन्नू प्रकश दुबे द्वारा गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रयागराज मंडल में दिनांक २६.०५.२०२० को ५६ कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए। लाकडाउन के बाद यह पहला मौका था जब सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को सेवा माह के अन्तिम दिन गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल, मानार्थ पास, मेडिकल कार्ड एवं समापन भुगतान का विवरण दिया गया। बतादें कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के कारण डीआरएम कार्यालय में किसी समारोह का आयोजन नहीं किया जा रहा था।

# बारिश ने तोड़ा ६१ साल रिकॉर्ड

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी मे शनिवार दिनांक ३०.०५.२०२० की शाम आंधी के बाद आई बारिश ने ६१ साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। १६५६ के बाद मई के एक दिन में ऐसी बारिश नहीं हुई। डेढ़ घंटे तक चले झमाझम बारिश ने पूरा शहर तरबतर कर दिया। सूत्रों के अनुसार मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक २८ मई १६५६ के बाद मई के एक दिन में ऐसी बारिश नहीं हुई।

# राम मंदिर निर्माण के मानक भव्यता के लिए पर्याप्त नहीं- दिगंबर अखाड़ा

रे.स.ब्यू./सूत्र. अयोध्या। राममंदिर निर्माण की दिव्यता को लेकर संतों ने कहा है कि प्रस्तावित मॉडल भगवान राम की गरिमा के अनुकूल नहीं है। रामनगरी अयोध्या के संतों की चाह है कि राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं इसलिए राममंदिर से भी मर्यादा का संदेश जाना चाहिए ताकि राममंदिर विश्व भर में अलौकिक प्रतीत हो। इसके लिए शनिवार दिनांक ३०.०५.२०२० को रामनगरी के संतों ने दिगंबर अखाड़ा में बैठक कर अलौकिक राममंदिर की अपनी चाहत बयां की। इसके साथ ही राममंदिर निर्माण को लेकर सरकार को सुझाव देने की भी योजना बनाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संत अपनी मांग पत्र के माध्यम से राममंदिर ट्रस्ट व शासन को भी भेजेंगे। दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास ने बैठक में कहा कि मंदिर भव्य बने ऊंचा बने, बस हमारी यही चाह है।

# लॉकडाउनः बैठक करने पर विशप के खिलाफ केस दर्ज

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। कोविड के संक्रमण को रोकने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान दि इलाहाबाद हाईस्कूल सोसाइटी की बैठक आयोजित करने के आरोप में चेयरमैन पीटर बलदेव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोसाइटी के आजीवन सदस्य आरके चत्री ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोसाइटी की २३ मार्च को एक बैठक आयोजित की गई थी। वहीं आर के चत्री ने कहा कि आजीवन सदस्य होने के बावजूद भी उन्हें सूचना नहीं दी गई और नियमविरुद्ध तरीके से बैठक आयोजित कर लॉकडाउन के नियमों का भी उल्लंघन किया गया।

दूसरी ओर धारा १४४ के उल्लंघन व महामारी एक्ट के तहत चेयरमैन पीटर बलदेव पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# लॉकडाउन में याद आ रहे हैं बच्चों को टीचर और दोस्त

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। लंबे ल,कडाउन में अब बच्चे अकेलापन महसूस करने लगे हैं। स्कूलों ने अ,नलाइन कक्षाएं तो शुरू कर दीं लेकिन बच्चों को स्कूल, क्लासरूम, टीचर, दोस्त, खेलकूद, आदि की कमी खलने लगी है। यूपी समेत विभिन्न राज्यों के ४६६ सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल के बच्चों पर कराए गए एक ऑनलाइन सर्वे में यह बात सामने आई है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा में डिजिटल क्रांति में बड़ा बदलाव भले आया हो लेकिन घर स्कूल-कॉलेज की जगह नहीं ले सकते। सर्वे में शामिल ८८ प्रतिशत बच्चों का कहना है कि वह अपने शिक्षकों से संवाद नहीं कर पा रहे और उन्हें दोस्तों की भी याद आ रही है। ५१ फीसदी बच्चे कोर्स के अतिरिक्त जैसे शारीरिक शिक्षा, खेल और नृत्य की कक्षाओं की कमी महसूस कर रहे हैं। बच्चों को घर के वातावरण में पढ़ाई के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल हो रहा है।

# काले कोट की जगह अब PPE किट में नजर आएंगे टीटीई

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। रेलगाड़ियों में टिकट की जांच करने वाले कर्मचारी अब काले कोट एवं टाई नहीं पहनेंगे। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर एक जून से शुरू होने वाले १०० जोड़ी ट्रेनों में टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों के लिये रेलवे कि ओर से दिशा निर्देश जारी किये गए हैं जिसके अनुसार उन्हें मास्क, दस्ताने और साबुन के अलावा टिकट चेक करने के लिए लेंस दिया जायेगा। दिशा निर्देशों के अनुसार, कोरोना संक्रमण को रोकने अथवा उसके खतरे को कम करने के मद्देनजर टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों के लिये कोट एवं टाई की अनिवार्यता समाप्त की जा सकती है। हालांकि, वह इस दौरान अपने नाम ओर पद अंकित बैज पहने रहेंगे। इसके साथ ही टीटीई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये मास्क, फेस शील्ड, दस्ताने, सिर ढंकने का कवर, सेनेटाइजर, साबुन समेत अन्य वस्तुएं मुहैया करायी जायेंगी। ट्रेन में सवार टीटीई को अगर संभव हुआ तो मैग्निफाइंग ग्लास दिया जायेगा ताकि वह दूर से ही टिकटों का विवरण देख सकें और शारीरिक संपर्क से बच सकें।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र। कानपुर देहात में भोगनीपुर क्षेत्र के सिखमापुर गांव के निवासी स्वर्गीय केशव प्रसाद के पुत्र अबिनेश उम्र लगभग १६ वर्ष की शनिवार दिनांक ३०.०५.२०२० की रात गांव के पास ही ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। संबंधित थाने की पुलिस जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच गई थी। वहीं परिजनों ने यह आशंका जताई है कि रेलवे पटरी पार करते समय ही अबिनेश ट्रेन की चपेट में आ गया, मृतक के परिजन खेती बाड़ी करते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। अबिनेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उसस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# जून के पहले हफ्ते में मानसून को प्रयागराज पहुंचने के आसार

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। बंगाल की खाड़ी से चली मानसूनी हवाओं ने शहर में दस्तक दे दी। जिससे शनिवार दिनांक ३०.०५.२०२० को पारा तेजी से लुढ़का और मौसम सुहाना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत भी मिली। वहीं मौसम के जानकारों का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान हवा में वायु प्रदूषण खत्म हो गया है। जिससे समय से मानसून के सक्रिय होने के संकेत मिले हैं। वहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ प्रोफेसर एचएन मिश्रा के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से मानसून हवाएं सक्रिय हो गई हैं। मानसूनी हवाओं ने शनिवार को पूर्वांचल में दस्तक दे दिया जिससे लो प्रेशर एरिया बनने की वजह से बारिश किसी भी समय हो सकती है। ऐसे में माना जा रहा है कि हर हाल में जून के पहले सप्ताह में मानसून प्रयागराज पहुंच जाएगी।

# पीसीएस २०२० की आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग




रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस २०२० परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग की गई है। मांग करने वाले प्रतियोगियों का कहना है कि जो अभ्यर्थी रेड जोन वाले जिलों में रह रहे हैं उनको आय, जाति और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में मुश्किल हो रही है। इसलिए यह मांग की गई है कि आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी जाए। बतादें कि पीसीएस २०२० के लिए २१ अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन शुरू हुआ था, तब फीस जमा करने की अंतिम तिथि १८ मई और आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि २१ मई तय थी। लेकिन छात्रों की मांग पर आयोग ने १५ मई को फीस जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर २ जून और आवेदन पत्र जमा करने का मौका ४ जून तक दिया था। सूत्रों के अनुसार प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी अवनीश पांडेय ने कहा है कि प्रशासनिक अफसर कोरोना के नियंत्रण में व्यस्त हैं, जिसकी वजह से आय, जाति और दिव्यांग सहित अन्य जरूरी प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। उन्होने इस बारे में आयोग के अध्यक्ष को पत्र भी भेजा है।

# नए नियमों के साथ ०१ जून से फिर पटरी पर दौड़ेगी रेल

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की ट्रेन सेवाओं को आंशिक रूप से १ जून २०२० से बहाल किया जाएगा।

ये विशेष सेवाएं १ मई २०२० से चलाई जा रही मौजूदा श्रमिक स्पेशल ट्रेनों और १२ मई से चल रही स्पेशल एसी ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। अन्य नियमित यात्री सेवाएं, जिसमें सभी मेल/एक्सप्रेस, यात्री ट्रेनें शामिल हैं और उपनगरीय सेवाएं अगले निर्देश तक रद्द रहेंगी। ये एसी और नॉन एसी दोनों श्रेणियों के साथ पूरी तरह से आरक्षित ट्रेनें होंगी।

जनरल कोच में बैठने के लिए भी आरक्षित सीट होगी। ट्रेन में कोई भी अनारक्षित कोच नहीं होगा। उन १०० जोड़ी यात्री ट्रेन की सूची रेलवे ने बुधवार दिनांक २०.०५.२०२० को जारी की जिनका परिचालन एक जून से होगा। इनमें दूरंतो, संपर्क क्रांति, जन शताब्दी जैसी लोकप्रिय ट्रेनें भी शामिल हैं। इन ट्रेनों में अनारक्षित कोच नहीं होगा। इन ट्रेनों का किराया भी सामान्य होगा। रेलवे ने कहा कि इन ट्रेनों के लिए ई टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल एप से ही जारी किए जाएंगे। उसने कहा कि आरएसी और प्रतीक्षा सूची बनेगी और प्रतीक्षा सूची वाले टिकट धारकों को ट्रेन में चढ़ने की अनुमति नहीं होगी। ट्रेन के भीतर कोई लिनन, कंबल और पर्दे उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। एसी कोचों के भीतर का तापमान उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखा जाएगा।

जोनल रेलवे को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि रेलवे स्टेशनों पर जहां तक संभव हो प्रवेश और निकास का द्वार अलग-अलग हो। जोनल रेलवे को स्टेशनों और ट्रेनों में मानक सामाजिक दूरी और रक्षा, सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल संबंधित दिशा-निर्देशों के द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

सभी यात्रियों को आरोग्य सेतु एप्लीकेशन को डाउनलोड और इस्तेमाल करना आवश्यक होगा। यात्रियों को कम सामानों के साथ सफर करने की सलाह दी गयी है।

# कोविड से जंग जीतने वाली इंजीनियर की मां बनीं यूपी की पहली महिला

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। जिले में बढ़ते संक्रमण के बीच एक अच्छी खबर है।

लूकरगंज के इंजीनियर की मां पहली ऐसी महिला बनी हैं, जिन्होंने ८५ वर्ष की उम्र में कोरोना को मात दी। बतादें कि लूकरगंज निवासी इंजीनियर की जान तो कोरोना से नहीं बच सकी, लेकिन उनकी ८५ वर्षीय मां स्वस्थ हो गई। सूत्रों के अनुसार कोरोना के नोडल इंचार्ज डॉ. ऋषि सहाय ने बताया कि वह यूपी की पहली बुजुर्ग महिला भी बन गई, जिन्होंने इस उम्र में संक्रमण को मात दी।

ठीक हो जाने के बाद बुधवार दिनांक २०.०५.२०२० को इंजीनियर की मां और भाई को एसआरएन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

उनको अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सभी उत्साहित हैं। वहीं इंजीनियर की पत्नी, सास और भाई की पत्नी की चौथी बार रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, तीनों एसआरएन में भर्ती हैं।

# इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में लगी भीषण आग

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। टैगोर टाउन के रहने वाले ओम प्रकाश केवलानी के जानसेगंज बाजार स्थित इलेक्ट्रॉनिक आइटम के गोदाम में भीषण आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। बृहस्पतिवार दिनांक २१.०५.२०२० के करीब दोपहर १२ बजे के करीब लोगों ने गोदाम से धुआं उठता देखा। आस पास के लोगों ने धुआं उठता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी और करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायरब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा लाखों का सामान जल कर खाक हो चुका था।

# एक जून से चलेगी प्रयागराज एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। एक जून से श्रमिक स्पेशल और राजधानी ट्रेनों के संचालन के बाद रेलवे अब २०० नॉन एसी ट्रेनों का संचालन करने जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से प्रयागराज से नई दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस भी शामिल है। बतादें कि बुधवार दिनांक २०.०५.२०२० को रेलवे की ओर से एक जून से संचालित होने वाली ट्रेनों की सूची जारी कर दी गई थी। जिनमें प्रयागराज एक्सप्रेस के अलावा २१ जोड़ी ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन एवं छिवकी से होकर गुजरेंगी। वहीं बृहस्पतिवार दिनांक २१.०५.२०२० कि सुबह १० बजे से ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह के मुताबिक जिन ट्रेनों का संचालन किया जाना है, उसकी संरचना नियमित ट्रेनों के अनुरूप ही होगी।

# अरूण कुमार शर्मा बने COFMOW में प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अरूण कुमार शर्मा को महाप्रबंधक के समकक्ष पद पर पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति के पश्चात् इन्हें नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यशाला आधुनिकीकरण संगठन (COFMOW) में प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। अरूण कुमार शर्मा ने दिनांक २१.०५.२०२० को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इनके स्थानांतरण के बाद प्रधान मुख्य इंजीनियर के. डी. रल्ह अपर महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने इनकी पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अरूण कुमार शर्मा का अपर महाप्रबंधक के रूप में कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा। इस क्रम में अधिकारी एशोसिएशन की ओर से अरूण कुमार शर्मा को भावपूर्ण विदाई दी गई। अरूण कुमार शर्मा 1982 बैच के IRSME के अधिकारी हैं। शर्मा रेलवे संबंधी कार्यो एवं प्रशिक्षण हेतु अमेरिका, स्वीडेन, जर्मनी, श्रीलंका आदि देशों का भ्रमण कर चुके हैं।

# कॅरोना ने बदल दी आत्मनिर्भरता की परिभाषा



शन्नो श्रीवास्तव
८०६ बी १२ ए आर पी एस सवाना, सेक्टर ८८ ग्रेटर फरीदाबाद हरियाणा ६६११७६२४५५

'राजा रंक एक समान', 'समय होत सबसे बलवान' और 'पैसा हाथों की मैल है' जैसी अनेक उक्तियों को कॅरोना जैसी महामारी ने सच साबित कर के दिखा दिया है। जिस समय की कल्पना तक कभी किसी ने नहीं की थी वह सामने है। अमीर है या गरीब सब एक जैसा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस समय न ही कोई किसी का सेवक है और न ही मालिक। अपने काम स्वयं करना सबकी मजबूरी है। बात जीवन और मृत्यु की नहीं होती तो शायद ही कोई इस सामाजिक दूरी को स्वीकार करता। अमीर अपने पैसों के बल पर और गरीब अपना पेट भरने के लिए इस सामाजिक दूरी का उल्लंघन् कर के ही रहते। किन्तु मृत्यु के भय ने सबको अपने तक ही सीमित रहने को मजबूर कर दिया है।

इस वैश्विक महामारी से बचने के लिए किये गये लॉकडाउन में देश तथा विदेश के अलग अलग हिस्सों में रह रहे लोगों ने अपने अपने घर पहुँचने की पूरी कोशिश की किन्तु उसके बावजूद प्रतिकूल परिस्थितियों की वजह से बहुत से लोग अपने परिवार के बीच नहीं पहुँच सके और घर से दूर अकेले घरों में बंद समय व्यतीत कर रहे हैं।

ऐसे अनेक परिजनों से जिनके बच्चे या पति कहीं घर से दूर फंसे हैं से मैंने बात की। मुझे दो तरह के जवाब सुनने को मिले। कुछ लोग तो अत्यन्त चिन्तित हैं और बार बार यही कहते रहे कि ''जाने क्या और कैसे खा पी रहा / रही होगी। उसे तो एक कप चाय भी बनाना नहीं आता है।'' अभी तक जो कार्य क्षेत्र सिर्फ स्त्रियों का माना जाता है या माँ के होते हुए जिन कार्यो से बच्चे बिल्कुल बेफिक रहते हैं अब आवश्यकता इस बात की हो गई है कि घर के सभी सदस्य अपने हिस्से का काम सीख लें ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह असहाय होने के बजाय आत्मनिर्भरता दर्शाते हुए अपना सारा काम सफलता पूर्वक कर सके ओर जहाँ भी रहें स्वस्थ रहें। इसके लिए लॉकडाउन में ही अपने आप को नये तरीके से इतना आत्मनिर्भर बना लें कि अगर ऐसी परिसिथिति जिंदगी में कभी भी कहीं भी दुबारा उत्पन्न हो तो सुरक्षित तरीके से दिन और जीवन व्यतीत कर सकें।

# WHO कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए डॉ हर्ष वर्धन

प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन दिनांक २२.०५.२०२० को विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड के वर्ष २०२०-२१ के लिए अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। कार्यकारी बोर्ड के १४७वें सत्र की एक वर्चुअल बैठक में उन्हें निर्वाचित किया गया। डॉ. हर्ष वर्धन जापान के हीरोकि नाकातानी का स्थान लेंगे। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि कोविड-१६ को एक बड़ी मानवीय त्रासदी मानते हुए अगले दो दशकों में कई चुनौतियां आ सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा इन सभी चुनौतियों से निपटने के लिए साझी कार्रवाई की आवश्यकता होगी क्योंकि इनके पीछे साझा खतरा है जिसके



लिए कार्रवाई हेतु साझा जिम्मेदारी की आवश्यकता है। उन्होंने यह कहा विश्व स्वास्थ्य संगठन में शामिल सदस्य देशों के गठबंधन की मूल भावना का यह प्रमुख अंग है हालांकि इसके लिए राष्ट्रों के अधिक साझे आदर्शवाद की आवश्य- कता है और मेरा विश्वास है कि आर्थिक कार्य प्रदर्शन और मानव क्षमता बढ़ाने में स्वास्थ्य की अहम भूमिका है।

## डेढ़ महीने में १० बार काँपा दिल्ली-एनसीआर

दिल्ली-एनसीआर में डेढ़ महीने के अंदर मध्यम से तीव्रता वाले १० भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ये इस बात का संकेत है कि भविष्य में देश की राजधानी दिल्ली में एक बड़ा भूकंप आ सकता है। देश के शीर्ष भूवैज्ञानिकों में से एक ने जिसकी चेतावनी दी है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एक संस्था के प्रमुख ने कहा कि हम सटीक पैमाने का अनुमान नहीं लगा सकते हैं, लेकिन यह मानते हैं कि एनसीआर क्षेत्र में लगातार भूकंपीय गतिविधि चल रही है जो एक बड़े भूकंप का कारण बन सकती है।

# ओपीडी बंद होने से अटके हजारों ऑपरेशन

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोविड संक्रमण से बचने को हुए लॉकडाउन गंभीर मरीजों पर भारी पड़ रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी बंद होने से हजारों सर्जरी अटकी हैं।

केवल इमरजेंसी में घायल गंभीर मरीजों के हड्डी और महिलाओं के प्रसव से संबंधीत ऑपरेशन ही हो रहे। स्टोन, ह्र्दय, अपेंडिक्स, यूट्रस, कैंसर से जुड़े ऑपरेशन और प्लास्टिक सर्जरी लगभग ठप है।

बतादें कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए शासन ने अस्पतालों में ओपीडी पर रोक लगा दी है। गंभीर मरीजों को छोड़कर अन्य मरीजों की आवाजाही अस्पतालों में कम हो गई है।

वहीं प्रयागराज शहर के नर्सिंग होम, अस्पतालों में २५ ऐसे बड़े अस्पताल हैं, जहां दिन भर में औसतन स्टोन, ह्र्दय, अपेंडिक्स, से जुड़े ऑपरेशन १० से २० केस निपटाए जाते हैं।

# ईद में पहली बार सूना रहा ईदगाह

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण के रोकथाम को हुए लाकडाउन में पहली बार ईद की नमाज ईदगाह में नहीं हो सकी। रविवार दिनांक २४.०५.२०२० को ईद-उल-फितर के चांद का दीदार होने के बाद से ही एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया था।

साथ ही घरों में ईद की तैयारियां शुरू हो गई थीं। कुछ मुस्लिम भाईयों ने बताया कि लॉकडाउन के कारण घरों में रंग रोगन नहीं करवाए जा सके और न ही नए कपड़ों, जूतों और अन्य सामान की खरीदारी हुई। लेकिन तमाम दिक्कतों के बीच ईद-उल-फितर पर सेवंइयों की मिठास के साथ परोसे जाने वाले व्यंजन जरूर तैयार थे।

# लॉकडाउन तोड़ने के आरोप में पूर्व विधायक पर एफआईआर का विरोध

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। पूर्व विधायक और कांग्रेस के उतराखंड प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह पर लॉक डाउन तोड़ने के आरोप में हुए एफआईआर के विरोध में शनिवार दिनांक २३. ०५.२०२० को पार्टी कार्यकर्ता मे रोष था। सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कांग्रेसियों ने बैठक कर पुलिस की कार्रवाई पर विरोध प्रकट किया। मजदूर के हितों को लेकर मुद्दे पर दर्ज हुए मुकदमे की कांग्रेस जनों ने तीव्र निंदा की। वहीं प्रदेश कांग्रेस राज्य समिति के सदस्य किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईजी जोन केपी सिंह को दिए ज्ञापन में दर्ज एफआईआर वापस किए जाने की मांग की गई। दूसरी और वरिष्ठ नेताओं में भी इस घटना को लेकर खासा आक्रोश रहा और उन्होंने आलोचना की। जिसमें पूर्व महापौर जितेन्द्र नाथ सिंह, फुजैल हाशमी,हरिकेश त्रिपाठी, डॉ.एसबी लाल,अजय श्रीवास्तव,परवेज सिद्दीकी,मुमताज समेत कई नेताओं ने आक्रोश जताया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग की समीक्षा बैठक गौतम बनर्जी महाप्रबंधक दपूमरे की अध्यक्षता में दिनॉक २२.०५.२०२० को सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमोद कुमार अपर महाप्रबंधक,महेन्द्र कुमार यादव प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सहित सिगनल एवं दूरसंचार विभाग यूनिट के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में महाप्रबंधक ने वर्तमान परिस्थितियों एवं कमजोर आर्थिक हालातों से उबरने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दियें। उन्होनें वर्तमान में चल रही कोरोना महामारी के विषम दौर में भी नये अवसर तलाशने पर जोर दिया एवं आधुनिक तकनीक एवं वर्क फोम डिस्टेंस की मदद से रूके हुए कार्यो को पुनः चालु करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एस पी वर्मा उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/सामान्य ने किया।

# शादियों के टलने से टेंट, कैटरर्स का बुरा हाल

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना महामारी के चलते वैवाहिक समारोहों में अधिकतम २० लोगों के ही शामिल होने की बंदिश का भारी असर गेस्ट हाउस संचालकों, टेंट, कैटरर्स, बैंड-बाजा की बुकिंग पर पड़ी है। आंकड़ों के मुताबिक मई और जून में ४० फीसदी तक बुकिंग कैंसिल हो गई। वहीं अब ज्यादातर लोग लॉकडाउन खत्म होने के बाद शादी करने का फैसला कर रहे हैं। कारोबारियों का अनुमान है इससे करीब ढाई लाख लोगों की रोजी-रोटी छिन गई है। उत्तर प्रदेश टेंट एवं कैटरर्स व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से घरातियों-बरातियों की तादाद बढ़ाकर २०० करने की मांग उठाई है।

# लॉकडाउन पीरियड में आउटसोर्स कर्मियों को माना जाएगा ऑन ड्यूटी

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। जहां एक ओर केंद्र सरकार ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी है। वहीं ऐसे कर्मी जो विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में आउटसोर्स पॉलिसी के तहत काम करते थे, कोरोना संक्रमण को देखते हुए अब वह भी दूसरे कर्मियों की तरह अपने घर से कार्य करते रहेंगे। शुरू में हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि,उन्हें लॉकडाउन पीरियड के दौरान वर्क फ्रॉम होम'का वेतन मिलेगा या नही जिससे ऐसे कर्मी चिंतित थे। वहीं अब उनके लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि आउटसोर्स कर्मियों को लॉकडाउन पीरियड में ऑन ड्यूटी माना जाएगा। उन्हें भी स्थायी कर्मियों की तरह वेतन मिलेगा। बता दें कि २३ मार्च को जारी गाइडलाइन के अनुसार केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, संगठनों, वैधानिक शाखाओं को वर्क फ्रॉम होम के लिए अधिकृत किया गया था। जिसमें ऐसे कर्मचारी भी थे, जो आउटसोर्स के अंतर्गत काम कर रहे थे। अब वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने २२ मई को एक आदेश जारी कर ऐसे सभी अस्थायी कर्मियों को आश्वस्त कर दिया है कि उन्हें लॉकडाउन पीरियड में ऑन ड्यूटी माना जाएगा और जो भी वेतन भत्ते तय हैं, वे उन्हें मिलेंगे।

# पारा ४६.३ के साथ प्रयागराज रहा सबसे गर्म

रे.स.ब्यू./सूत्र.सूबे में रविवार को प्रयागराज में सूरज दिन भर आग का गोला बना रहा। बरसती आग और लू के थपेड़ों से लोग परेशान रहे। ४६.३ डिग्री तापमान के साथ दिनॉक २४.०५.२०२० को प्रयागराज सबसे गरम शहर बना रहा। सुबह से ही तेज धूप लोगों के शरीर पर चुभती रही। चौराहों पर सिग्नल पर लोग गर्म हवाओं और तेज धूप से परेशान रहे।

**जंग है, जंग है, कोरोना एक जंग है,**

इसे दूर भगाना है, पृथ्वी को जितना है.  
लॉकडाउन का पालन करना है, पुलिस को सहयोग करना है,घर से नही निकलना है,खुद को सुरक्षित रखना है.  
जंग है, जंग है, कोरोना एक जंग है.  
अगर कोरोना का लक्षण, तो तुरन्त जांच करवाना है, खुद को और देशवासियों को, कोरोना से सुरक्षित बचना है.  
जंग है, जंग है, कोरोना एक जंग है,  
भूखों की भूख मिटाना है, गरीबों का दुख भगाना है. बाहर जाने पर मास्क लगाना है, डॉक्टर को सहयोग करना है.  
जंग है, जंग है, कोरोना एक जंग है,

शिवांशी श्रीवास्तव

# अनलॉक-१ पर राजस्थान सरकार की गाइडलाइन्स जारी

रे.स.ब्यू./सूत्र। गृह मंत्रालय की ओर से जारी गाइड-लाइंस के एक दिन बाद देश के अधिकतर राज्यों ने लॉकडाउन ५ पर रविवार को नई गाइड-लाइंस जारी की है। चरणबद्ध तरीके से १ जून से कई चीजों को खोलने की इजाजत राज्य सरकारों की तरफ से दी गई है और इसे अनलॉक-१ का नाम दिया गया है। वहीं कंटेनमेंट जोन को छोड़कर राजस्थान सरकार ने ऑरेंज और ग्रीन जोन में कई तरह की गतिविधियों को दोबारा शुरू करने की इजाजत दी है। राजस्थान की गहलोत सरकार ने सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए १ जून से दुकानें, सामुदायिक पार्कों, ब्यूटी पार्लर समेत एक साथ कई चीजों को खोलने की इजाजत दे दी। वहीं अनलॉक-१ पर गाइडलाइन्स जारी करते हुए राजस्थान सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पूरी क्षमता के साथ काम करने की छूट दी है। इसके साथ ही अब पर्यटन स्थलों पर ऐतिहासिक इमारतें खोलने का फैसला भी लिया गया है।



# कोरोना से बेरोजगारों का आंकड़ा जुटा रही सरकार

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। सरकार कोविड-१६ महामारी से बेरोजगार हुए लोगों का आंकड़ा एकत्र करेगी।

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने श्रम मंत्रालय से कोविड-१६ कोरोना महामारी के चलते रोजगार खोने वालों का डेटा इकट्ठा करने को कहा है। सार्वजनिक बैंकों की तरफ से दरअसल वित्त मंत्रालय का मानना है कि स्वीकृत ऋणों का वितरण नहीं हो पा रहा है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम जून के अंत तक

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। जून के अंत तक यूपी बोर्ड की परीक्षा २०२० का परिणाम आ जाएगा। बोर्ड की सचिव नीना श्रीवास्तव ने शनिवार दिनांक ३०.०५.२०२० को बताया कि प्रदेश के ७५ जिलों में से ६७ जिलों में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। बाकी बचा मूल्यांकन कार्य भी एक जून तक पूरा हो जाएगा जिसके बाद जून माह के अंत तक परिणाम जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश में अब तक ६६.०६ फीसदी कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो गया है। सचिव के अनुसार जिन जिलों में मूल्यांकन शेष है, उनमें ऑरेंज जोन में बस्ती तथा रेड जोन में आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, बरेली एवं वाराणसी शामिल हैं।

बतादें की यूपी बोर्ड सचिव नीना श्रीवास्तव को मिला तीन महीने का विस्तार भी ३० जून को समाप्त हो रहा है।

# पुलवामा में शहीद की पत्नी को प्रदान किया गया ११.११ लाख का चेक



सूचना विभाग प्रयागराज। पुलवामा में शहीद हुए महेश कुमार की पत्नी संजू देवी एवं महेश कुमार के माता-पिता शांति देवी एवं राजकुमार यादव को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की तरफ से दिए गए ११.११ लाख रुपए का चेक जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चंद्र गोस्वामी ने दिनांक २७.०५.२०२० को प्रदान किया। उन्होंने शहीद की पत्नी संजू देवी एवं शहीद के माता-पिता से कुशल क्षेम पूछा और उनकी पत्नी से उनकी नौकरी पर जाने एवं अन्य कार्यों के बारे में भी हाल-चाल लिया और आश्वस्त किया की किसी भी प्रकार की काठिनाई आए तो प्रशासन आपके साथ है।

इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार राय एवं अधिशासी अभियंता महेंद्र प्रताप मौजूद रहे।

# एन 95 मास्क के इस्तेमाल से दूसरे सुरक्षित नहीं

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। एन 95 मास्क से आप भले ही सुरक्षित हों, लेकिन आपका परिवार नहीं। प्रदूषण से बचाव के लिए तैयार इस मास्क से कोरोना के दूसरों तक फैलने का खतरा बरकरार रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार एन 95 मास्क के वॉल्व का काम है कि मुंह में कार्बनडाइ ऑक्साइड इकट्ठी ना होने पाये। मगर इसी वॉल्व से कोरोना वायरस फिर से फैल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि वह एन६५ मास्क का इस्तेमाल करें जिसमें छिद्र ना हो। वहीं एन 95 मास्क का इस्तेमाल करने से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी मना करता है।

# श्रमिक स्पेशल यात्रियों से अभद्रता पर आठ रेलकर्मी हुए निलंबित

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। रेलकर्मियों द्वारा श्रमिक स्पेशल ट्रेन में सफर करने वाले रेल यात्रियों को फेंककर बिस्कुट दिए जाने एवं उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर रेलवे ने गंभीरता से लिया है। प्रयागराज मंडल के सीनियर डीसीएम नवीन दीक्षित ने इस प्रकरण का वीडियो वायरल होने के बाद आठ रेलकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। यह सभी रेलकर्मी टूंडला रेलवे स्टेशन के बताए गए हैं। बतादें कि २४ मई को अहमदाबाद से आई श्रमिक स्पेशल ट्रेन टूंडला पहुंची तो कुछ रेलकर्मियों द्वारा श्रमिकों से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं बिस्कुट फेंककर दिए जाने का एक वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ था। जिसके बाद यह वीडियो रेल मंत्रालय तक को ट्वीट कर दिया गया।

फिलहाल इस मामले में आठ रेलकर्मयों को सीनियर डीसीएम ने सस्पेंड किया है। इनके नाम अमरदीप कुमार, बलराम पटेल,राकेश कुमार, शंकर यादव, धर्मेंद्र वर्मा, लक्ष्मीनारायण मीना, डीके दीक्षित, नरविका हैं। इनके निलंबन की पुष्टि एनसीआर प्रयागराज मंडल के पीआरओ सुनील गुप्ता ने की है।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।


प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

**Nobody can hurt me without my permission**
(MAHATMA GANDHI)

# एक जून से खुलेंगे इविवि के सभी कार्यालय

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कार्यालयों में नियमित कामकाज ५० फीसदी स्टाफ के साथ सोमवार से शुरू हो जाएगा। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को लेकर भी जल्द निर्णय हो सकता हैं। बतादें कि लॉकडाउन में विश्वविद्यालय का केवल वित्त अधिकारी, रजिस्ट्रार और कुलपति कार्यालय ही नियमित रूप से खुल रहा था। वहीं अब एक जून से सभी डीन कार्यालय, विभागाध्यक्षों के कार्यालय और इंस्टीट्यूट के दफ्तर भी खुल जाएंगे और वहां कामकाज शुरू हो जाएगा। इन दिनों इविवि एवं संघटक कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है और प्रवेश परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम भी जारी हो चुका है। वहीं अब विश्वविद्यालय खुलने से प्रवेश प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

# अंशू पाण्डेय ने प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का संभाला पदभार



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अंशू पाण्डेय ने प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पद भार ग्रहण कर लिया। वर्ष २००५ बैच के IRTS अधिकारी अंशू पाण्डेय प्रयागराज जनपद के ही मूल निवासी हैं।

इससे पहले पाण्डेय उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उप महाप्रबंधक/सा. के पद पर कार्यरत थे, वहीं नवीन दीक्षित का स्थानांतरण झाँसी मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर हो जाने पर दिनांक ०१.०६.२०२० सोमवार को उन्हें विदाई दी गई। दूसरी ओर एस के शुक्ला ने प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक का पद भार ग्रहण कर लिया। इस पद पर कार्यरत मन्नू प्रकाश दुबे का स्थानांतरण प्रधान कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे सूबेदारगंज में उप महाप्रबंधक/सा. के पद पर हो जाने के कारण पद रिक्त हो गया था।

# मशहूर संगीतकार वाजिद खान का कोरोना से निधन

रे.स.ब्यू./सूत्र.मुंबई। मशहूर संगीतकार वाजिद खान ने दुनिया को अलविदा कह दिया। ४२ साल की उम्र में वाजिद खान के निधन के बाद से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।

वर्सोवा कब्रिस्तान मुंबई में दिनांक ०१.०६.२०२० सोमवार को उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। वहीं परिवार अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि वाजिद की मां रजीना खान भी कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। रजीना खान अस्पताल में भर्ती हैं।

# श्रमिक ट्रेनों कि योजना और तालमेल बढ़ाने को रेल मंत्रालय का राज्यों से अनुरोध



प.सू.का/नई दिल्ली। श्रमिक ट्रेनों के बारे में उचित योजना और तालमेल सुनिश्चित करने को रेल मंत्रालय ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे रेल मोड द्वारा फंसे लोगों के आवागमन की प्रस्तावित मांग की अच्छी तरह से रूपरेखा प्रस्तुत करें और उसे निर्धारित करें। हांलाकि रेलवे राज्यों की मांग पर श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में रेक लगाने में सक्षम हुई है, ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां यात्रियों को स्टेशन पर नहीं लाया गया और अधिसूचित ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। वहीं कुछ राज्य भेजने वाले राज्यों को भी सहमति नहीं दे रहे है, जिससे उन राज्यों के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों को भेजना रोका जा सके। बतादें कि गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आदेशों के तहत, भारतीय रेलवे राज्य सरकारों के साथ तालमेल कर फंसे हुए लोगों की आवाजाही के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चला रही है। एमएचए और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, भारतीय रेलवे ४००० श्रमिक स्पेशल सेवाएं चला चुका है और अब तक लगभग ५४ लाख से अधिक फंसे हुए लोगों को उनके गंतव्य राज्यों तक पहुंचा चुका है और यह भी आश्वासन देता है कि वह भविष्य में किसी भी आवश्यकता के लिए अतिरिक्त श्रमिक स्पेशल ट्रेन प्रदान करेगी।

# उत्तर प्रदेश में जारी रहेगा ३० जून तक लॉकडाउन



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। लॉकडाउन ५.० के लिए उत्तर प्रदेश की गाइडलाइंस दिनाँक ३१.०५.२०२० को जारी हो गई है। राज्य के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी के अनुसार कोविड-१६ लॉकडाउन ३० जून तक जारी रहेगा। वहीं ८ जून से होटल रेस्टोरेंट और धार्मिक स्थल खोलने की इजाजत होगी। इसके साथ ही सरकारी कार्यालय भी पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। बजारों को रोटेशन बेसिस के आधार पर सुबह ६ से रात ६ बजे तक खोला जाएगा। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों में अलग-अलग शिफ्ट में कार्य किए जाएंगे। सभी मार्केट के साथ सुपर मार्केट को भी खोलने की इजाजत दी गई है लेकिन सोॅशल डिस्टेंसिंग और अन्य जरूरी शर्तों का पालन करना आवश्यक होगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले बाजारों को भी खोलने की अनुमति दे दी गई है। अवनीश अवस्थी ने कहा है कि सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों के साथ राज्य में सैलून और पार्लर खोलने की अनुमति भी दे दी गई है।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

ANGIOGRAPHY • ANGIOPLASTY • ECHO & COLOUR DOPPLER • TMT • HOLTER • PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# ११ लाख प्रवासी श्रमिकों के हाथों में होगा काम -सिद्धार्थ नाथ सिंह



सूचना विभाग प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज प्रवास के दौरान दिनांक ३०.०५.२०२० को बताया कि प्रयागराज में लॉकडाउन अवधि में प्रभावित अर्थ-व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के उद्देश्य से लगभग ८००० छोटी बड़ी इकाइयों में उत्पादन कार्य शुरू कराया गया जिसमें लगभग चालीस हजार लोगों को रोजगार मिला,प्रयागराज जनपद में बंद पड़ी लगभग २५० औद्योगिक इकाइयों द्वारा सरकार के निर्देश पर उन्होंने श्रमिकों को वेतन लगभग ५ करोड़ रुपये भुगतान किया गया। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा महाराष्ट्र, राजस्थान आदि राज्यों से वापस आए प्रदेश के श्रमिकों, कारीगरों हेतु उद्योग विभाग ओडीओपी योजनांतर्गत बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही त्रिवेणी इलेक्ट्रो प्लास्ट द्वारा सर्जिकल मास्क कि एक बड़ी इकाई स्थापित की जा रही है जिसमें प्रतिदिन एक लाख मास्क तैयार होगा।

# लॉकडाउन-५ में खुलेंगे मंदिरों के ताले

रे.स.ब्यूरो./संवा। लॉकडाउन के पांचवें चरण में धार्मिक स्थलों को खोले जाने के फैसले का अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने स्वागत किया है। बतादें कि केंद्र सरकार दिशा- निर्देशों के साथ ८ जून से सभी धार्मिक स्थलों को खोलने की अनुमति दे रही है। इस फैसले पर महंत नरेंद्र गिरि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का धार्मिक स्थलों को खोलने के फैसले पर आभार जताया।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजना की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


# हम कोरोना से जीत कर दिखाएंगे- मण्डलायुक्त



सूचना विभाग प्रयागराज। एचडीएफसी बैंक द्वारा प्राप्त १०० पीपीई किट और १०० एन ६५ मास्क को मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी जीएस वाजपेई को सौंपा। दिनांक २६.०५.२०२० को मण्डलायुक्त ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड १६ में जब संक्रमण और मौत के आंकड़े पूरे विश्व में एक भय का माहौल बना चुके हैं, ऐसी स्थिति में प्रशासन के साथ एचडीएफसी का यह कदम सराहनीय है।

# नोडल अधिकारी ने किया कम्यूनिटी किचन का निरीक्षण



सूचना विभाग प्रयागराज। नोडल अधिकारी, प्रयागराज सैमुअल पॉल एन० ने नैनी स्थित ट्रांजिट कैम्प सहित शहर में बनाये गये विभिन्न आश्रय स्थलों व कम्यूनिटी किचन का निरीक्षण किया। दिनांक २२.०५.२०२० को उन्होने गंगोत्री गार्डेन एवं बंशी भवन मे बनाये गये कम्यूनिटी किचेन निरीक्षण करते हुए यहां के कर्मचारियों को सेनेटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग एवं साफ-सफाई का पालन करते हुये भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इसके उपरांत नोडल अधिकारी रेलवे स्टेशन स्थित यात्री बाड़ा का निरीक्षण किया और प्रवासी श्रमिकों/यात्रियों की सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य परीक्षण सम्बन्धी जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।